प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत एक वैश्विक ऊर्जा के रूप में उभर रहा है और इसके लिए हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सोल लीडरशिप की स्थापना विकसित भारत की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेंगे, जहां राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के लोग अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्राओं को साझा करेंगे।

..................

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च 64 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह गया है। नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संवाद–2025 के 12वें संस्करण को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के साथ–साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और अन्य योजनाओं के तहत दी जाने वाली सेवाओं के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी आई है। श्री नड्डा ने कहा कि देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के अंतर्गत आती है। हाल ही में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी इस योजना में शामिल किया गया है।

..................

अजमेर रेलवे स्टेशन पर ऑटोमैटिक हेल्थ चेकअप स्मार्ट कियोस्क लगाया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से लगाए गए इस कियोस्क में यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की जायेगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस कियोस्क के द्वारा वजन, मोटापा और बीपी सहित तेरह स्वास्थ्य पैरामीटर्स की स्क्रीनिंग की जा सकती है।

..................

सीकर के खाटूश्यामजी में भरने वाला फागुन का लक्खी मेला 28 फरवरी से शुरू होगा। ये मेला इस साल 11 दिन की जगह बारह दिन का रखा गया है। मेले में बडी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के मद्देनजर प्रशासन की ओर से सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। मेला स्थल और आस–पास के क्षेत्रों में यातायात के सख्त नियम लागू किये जायेंगे। किसी भी प्रकार की यातायात अव्यवस्था को रोकने के लिए इस बार पार्किंग, बसों के संचालन और निकासी की विशेष योजना बनाई गई है। वहीं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल्वे की ओर से विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेगी। साथ ही रेलगाडियों में अतिरिक्त डिब्बे भी लगाये जायेंगे। उधर बालोतरा के तिलवाडा मे लगने वाले श्रीमल्लीनाथ पशु मेले की भी तैयारियां शुरू हो गई है। जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग की ओर से ये मेला 25 मार्च से 8 अप्रैल तक लगाया जायेगा। वहीं भरतपुर में चल रहे संभाग स्तरीय ब्रज उद्योग हस्तशिल्प और स्वयं सिद्धा मेले में महिलाओं के लिए रोजाना विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। ये मेला 23 फरवरी तक चलेगा।

..................

जयपुर स्थित अल्बर्ट हॉल म्यूजियम का आज स्थापना दिवस है। इस अवसर पर अल्बर्ट हॉल–अतीत के झरोखे से' विषय पर प्रदर्शनी लगाई गई है। ये प्रदर्शनी 28 फरवरी तक चलेगी। इसमें वर्ष 1876 से 2025 तक म्यूजियम में हुए बदलावों को प्रदर्शित किया जा रहा है। करीब 12 बड़े पैनल्स में म्यूजियम के इतिहास और विकास को दिखाया जा रहा है। साथ ही ममी, पर्शियन कारपेट, भगवान शिव की मूर्ति और अन्य ऐतिहासिक कलाकृतियों की जानकारी भी मिलेगी। पर्यटक इस प्रदर्शनी को निशुल्क देख सकते है। इसके अलावा, शाम 6 बजे से म्यूजियम परिसर में हाड़ौती संध्या' का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान की सांस्कृतिक विविधताओं की झलक देखने को मिलेगी।

..................

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के लिए एक बार फिर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पहले चरण में छह लाख से अधिक आवेदन मिले थे। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा कि तेल, गैस ऊर्जा, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, यात्रा तथा आतिथ्य, ऑटोमोटिव और कई अन्य क्षेत्रों सहित 300 से अधिक कंपनियों ने युवाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए हैं। दूसरे चरण में, प्रत्येक आवेदक अधिकतम तीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकता है। यह योजना युवाओं को शीर्ष कंपनियों में 12 महीने की सशुल्क इंटर्नशिप देने के लिए तैयार की गई है।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' आगामी रविवार को प्रसारित होगा। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव आज तक दे सकते हैं। सुझावों को टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 — 1 1 — 7 8 0 0 पर भेजा जा सकता है। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी भेजा जा सकता हैं। नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

..................